प्रति,

श्री विजय केशरवानी जी

अध्यक्ष, जिला कांग्रेस कमेटी बिलासपुर ग्रामीण

विषय : ननि चुनाव 2025 बिलासपुर के वार्ड 42 मे अभय नारायण राय,मनिहार निषाद, इशाक कुरैशी द्वारा खुला घात करने हेतु।

महोदय,

निवेदन है कि मै ब्रम्हदेव सिंह पिता बलदेव सिंह निवासी वार्ड क्रमांक 42 चन्द्रशेखर आजाद नगर देवरीखुर्द बिलासपुर का हूँ

मुझे भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस द्वारा वार्ड क्रमांक 42 से अधिकृत प्रत्याशी घोषित किया गया था, इसके पूर्व क्षेत्र के कुछ कांग्रेसियों द्वारा टिकट की मांग की गयी थी, पर मुझे टिकट मिलने के बाद इनके द्वारा मुझे व कांग्रेस पार्टी को हराने के लिए धनबल के साथ खुला विरोध और भाजपा के निर्दलीय प्रत्याशी के नारियल पेड़ छाप का खुला प्रचार प्रसार किया गया।

उनके द्वारा कांग्रेस को क्षेत्र में खत्म करने की साजिश, भाजपा के निर्दलीय प्रत्याशी व उनके समर्थको द्वारा मिलकर की गयी। जिनके द्वारा खुलाघात किया गया उनमे प्रमुख रूप से अभय नारायण राय , मनिहार निषाद, इशाक कुरेशी आदि है इस दौरान मनिहार निषाद के द्वारा मुझे खुले आम मुझे चुनाव हराने की बात कही गई

इस पुरे चुनावी अभियान में कांग्रेस नेता अभय नारायण राय जी ने कांग्रेस का टिकट मनिहार निषाद को दिलाने का प्रयास किया गया था पर टिकट मुझे मिलने पर इनके द्वारा खुला विरोध, देवरीखुर्द क्षेत्र के कांग्रेस के भविष्य के लिए घातक सिद्ध हो सकता है

मैंने कई बार नेता अभय नारायण राय जी से निवेदन किया कि इन्हें खुलाघात करने से मना कीजिये और कांग्रेस का साथ देने के लिए कहिये, पर उन्होंने इस बात को गंभीरता से नही लिया जिससे अप्रत्यक्ष समर्थन विरोध करने वाले कांग्रेसियों को मिला

अतः कृपया अभय नारायण राय मनिहार निषाद और इशाक कुरैशी को तत्काल प्रभाव से कांग्रेस से निष्कासन की कार्यवाही करे, ताकि ईमानदार कांग्रेसियों का मनोबल बना रहे।

धन्यवाद

प्रार्थी

ब्रम्हदेव सिंह

कांग्रेस प्रत्यासी वार्ड न. 42 बिलासपुर

12/02/2025

प्रति लिपि - श्री दीपक बैज अध्यक्ष प्रदेश कांग्रेश कमेटी (छ.ग)

श्री चरणदास महंत जी नेता प्रतिपक्ष वि.स.छ.ग

श्री सुबोध हरितवाल प्रभारी जिला कांग्रेस कमेटी